22.08.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 6.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- राज्य में कई स्थानों पर हुई भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित–पूर्वी राजस्थान में व्यापक नुकसान के समाचार।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर और बीकानेर में सोलर पार्क की स्थापना के लिए भूमि आवंटन प्रस्तावों को मंजूरी दी।

- प्रधानमंत्री ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन किया। कहा–सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा कानून लेकर आई है।

- प्रदेश में नए बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता समाप्त की गई।

000

राज्य के कई जिलों में हुई मूसलधार बारिश से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर हुई अत्यंत भारी बारिश से व्यापक नुकसान के समाचार हैं। टोंक, सवाईमाधोपुर बारां और कोटा में हुई बहुत भारी बारिश से स्थिति विकट हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 25 सेंटीमीटर पानी सवाईमाधोपुर में बरसा। इससे दुकानों और घरों में पानी भर गया और कई कच्चे मकान ढह गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि चौथ का बरवाड़ा, मलारना डूंगर और खंडार सहित कई स्थानों पर जल भराव होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

000

बूंदी के पाटन में 21 सेंटीमीटर बारिश हुई। भीलवाड़ा के बिजौलिया और जहाज़पुर में जोरदार बारिश हुई। जिले में ऐरू नदी उफान पर है। बारां के किशनगंज, मांगरोल और अंता में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त है। कोटा में 12 घंटों में 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई। कई इलाके जलमग्न हैं।

000

बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, उदयपुर, पाली जालोर, जोधपुर सहित कई जिलों में 8 से 10 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। नागौर, बाडमेर, जैसलमेर, बीकानेर, दौसा, झालावाड, अजमेर जिलों में भी कई स्थानों पर अच्छी बारिश के समाचार हैं। राजधानी जयपुर में आज तेज बरसात से कई जगह सड़कों पर जाम की स्थित बन गई। सिरोही जिले में पिछले तीन दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश से नदी नालों में पानी की आवक से उनके जलस्तर में बढोतरी हो रही है। मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं अजमेर, भरतपुर और जयपुर संभाग में भी कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले सप्ताह तक बारिश का सिलसिला बना रह सकता है।

भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए कोटा विश्वविद्यालय ने कल होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। वहीं सवाईमाधोपुर में भी जिला कलेक्टर ने स्कूलों में कल अवकाश घोषित किया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर और बीकानेर में सोलर पार्क की स्थापना के लिए भूमि आवंटन प्रस्तावों को मंजूरी दी है। जैसलमेर के रामगढ़ में 5 हजार मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क के लिए 6 हजार 771 हैक्टेयर और 27 सौ मेगावॉट सोलर पार्क के लिए 5 हजार हैक्टेयर से अधिक की भूमि स्वीकृत की गई है। वहीं फतेहगढ़ तहसील में भी

सोलर पार्क के लिए भूमि आवंटन को स्वीकृति दी गई है। इसी तरह बीकानेर जिले के दीनसर, बराला, बिकोलाई और करणीसर भाटियान गांव में भूमि आवंटन को मंजूरी मिली है। वहीं धौलपुर जिले की बाड़ी तहसील के विजौली गांव में औद्योगिक इकाईयों के लिए ज़मीन आवंटन स्वीकृत किया गया है। श्री शर्मा ने आज मुख्यमंत्री कार्यालय में कृषि विभाग के अधिकारियों की भी बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में हो रही अच्छी बारिश को देखते हुए किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज जयपुर में भारतीय चार्टर्ड अकाउंट्स संस्थान की ओर से आयोजित एआई इनोवेशन समिट में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा सीए राजस्थान से हैं। उन्होंने कहा कि नये बदलावों और तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए चार्टेर्ड अकाउंटेट्स को लोगों के विश्वास पर खरा उतरना चाहिए।

000

प्रदेश में 10 दिसम्बर को पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाया जाएगा। राज्य सरकार इस उपलक्ष में 9 और 10 दिसम्बर को 'राइजिंग राजस्थान' पार्टनरशिप कॉन्क्लेव–2025 भी आयोजित करेगी। पार्टनरशिप कॉन्क्लेव के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों और निवेश के उभरते क्षेत्रों, युवा, महिला, स्वास्थ्य, ऊर्जा और उद्योग पर केंद्रित सत्र भी होंगे। साझेदारी सम्मेलन को बढ़ावा देने के लिए निवेशक रोड शो की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी। इनमें दिल्ली, हैदराबाद, सूरत और कोलकाता में राष्ट्रीय रोड शो के साथ–साथ संयुक्त अरब अमीरात में एक अंतर्राष्ट्रीय रोड शो भी शामिल है। कॉन्क्लेव से पहले खनन, पेट्रोलियम और पर्यटन क्षेत्र पर पूर्व शिखर सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले वर्ष आयोजित राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की थी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्री मोदी ने कहा कि ये दल घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आज बोधगया में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार एक जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने जा रही है, जिससे घुसपैठियों को बाहर करने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने भ्रष्टाचार रोधी विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की। इस विधेयक में भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाए जाने और 30 दिनों से ज़्यादा जेल में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है।

000

प्रधानमंत्री ने गया में लगभग 13 हज़ार करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री कोलकाता पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है।

000

प्रदेश में नए बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। जिन इलाकों में स्मार्ट मीटरों की स्थापना का काम शुरू नहीं हुआ है, वहां खराब और जले हुए मीटरों की जगह भी पुराने सामान्य मीटर लगाए जा सकेंगे। बिजली वितरण कंपनियों ने इस संबंध में नई गाइडलाइन जारी कर दी है।

000

राज्य सरकार ने मोबाइल वेटेनरी यूनिट और कॉल सेंटर सेवाओं को अत्यावश्यक घोषित किया है। पशुपालकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसलिए ये निर्णय लिया गया है। अत्यावश्यक सेवा घोषित होने के कारण मोबाइल वेटेनरी यूनिट और कॉल सेंटर के कार्मिकों पर अगले छह महीने की अवधि के दौरान हड़ताल पर जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

000

एनिमिया मुक्त डूंगरपुर अभियान को बड़ी कामयाबी मिली है। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के तहत लगाये गये विभिन्न शिविरों में चिन्हित हुई 20 हजार महिलाओं में से 19 हजार 600 महिलाएं एनिमिक श्रेणी से बाहर आ चुकी हैं। श्री सिंह ने बताया कि जिले में एनिमिया एक बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए इस साल 1 जनवरी से झोंथरी ब्लॉक से इस अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसके तहत अब तक 476 शिविर लगाये जा चुके हैं।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के प्रवास पर हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग श्री बिरला से मिलने पहुंचे। उन्होंने कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की मंजूरी के लिए लोकसभा अध्यक्ष का आभार जताया। इस परियोजना के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1 हजार 507 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

000

उदयपुर में आज क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया गया। पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर की ओर से हुई इस कार्यशाला में जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने भाग लिया। पीआईबी की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, उपभोक्ता संरक्षण, बैंकिंग और जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि इसरो विकसित भारत 2047 मिशन में योगदान देगा। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री नारायणन ने कहा कि भारत उन चार देशों में से एक बन गया है जिन्होंने कक्षा में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक डॉक और अनडॉक किया है। उन्होंने कहा कि आज चंद्रमा की कक्षा में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ कैमरा भारत का है।

000